दीक्षा ने अमेरिका में 71 का कार्ड खेलकर कट पार किया

लॉन्गवुड, फ्लोरिडा, भारत की स्टार महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने संयुक्त राज्य अमेरिका में एप्सन टूर पर आईओए गोल्फ क्लासिक के अंतिम दौर में जगह बना ली है। लेडीज़ यूरोपियन टूर पर दो बार की विजेता, जो अपने घरेलू कार्यक्रम, महिला इंडियन ओपन को जीतने के करीब पहुंची थी, ने 3-ओवर तक पहुंचने और कट बनाने के लिए पार 71 का कार्ड खेला। तीन राउंड की स्पर्धा में दीक्षा संयुक्त-58वें स्थान पर हैं। तीन खिलाड़ी लिंडसे मैक्कर्डी (66), डेवी वेबर (66) और चीनी ताइपे के विवियन होउ (63) शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं। लॉन्गवुड कोर्स में मैक्कर्डी 11-अंडर के साथ पहले, वेबर (66-66) 10-अंडर के साथ दूसरे और विवियन 8-अंडर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मारिया गाल्डियानो (70-65) और जेसिका पेंग (66-69) 7-अंडर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। दीक्षा (74-71) 3-ओवर हैं क्योंकि कट समान नंबर पर लगाया गया। दीक्षा अगले सप्ताह एप्सन टूर इवेंट में भी खेलेंगी। दीक्षा ने पहले और तीसरे होल में बर्डी लगाई और चौथे होल में बोगी मारी। फिर सातवें होल पर बैक-टू-बैक बोगी और आठवें पर बर्डी का मतलब पार स्कोर किया। बैक नौ में, उसने 10वें और 11वें होल में बर्डी खेली, 13वें और 14वें होल पर बोगी मारी और 16वें होल में एक बर्डी के बाद 17वें होल में एक बोगी मारी । उन्होंने इस राउंड में छह बर्डी और छह बोगी खेलीं।

ओलंपिक में जीत के लिए प्रदर्शन में निरंतरता जरुरी : श्रीजेश

नई दिल्ली ।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा है कि ओलंपिक में भारतीय टीम पदक जीतने के इरादे से उतरेगी। श्रीजेश के अनुसार टीम से सभी को काफी उम्मीदें हैं पर इसे दबाव मानने की जगह पर हम उर्जा स्रोत मानकर चल रहे हैं। उनका कहना है कि टीम का ध्यान प्रदर्शन में निरंतरता पर रहेगा क्योंकि इसी से सफलता मिलेगी। श्रीजेश ने कहा कि पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है।

इस बार हमारे पास कांस्य पदक है और अब हमसे स्वर्ण की अपेक्षाएं हैं। टोक्यो ओलंपिक के बाद से ही हमने लगातार अच्छा खेला है और कई टूर्नामेंट जीते हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ा है। टीम पर दबाव से इंकार नहीं किया जा सकता पर ये सकारात्क है। इससे पता चलता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं।

हमारी टीम का मूल मंत्र है कि मैदान के बाहर के दबाव को बाहर ही रखो, उसे अंदर लेकर मत आओ। दबाव हम स्वयं बनाते हैं, परिवार का, महासंघ का, दर्शकों का, मीडिया का या फिर सोशल मीडिया का पर हम उसे टीम में नहीं लाते और अपने खेल पर ध्यान देते हैं। अपनी ताकत, कमजोरियों की जगह लक्ष्य पर

विचार करते हैं। बस इस बारे में ही सोचते हैं।

श्रीजेश ने कहा कि ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट में दबाव होना तय है लेकिन हम उसे सकारात्मक रुप से ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल में टीम में और कोचिंग स्टाफ में बदलाव हुआ और माहौल भी बदला है पर लक्ष्य एक ही है कि हमें ओलंपिक पदक जीतना है और वही सभी के दिमाग है। कई बार निचली रैंकिंग की टीम से हमें कड़ी चुनौती मिली है, इसलिए हम निरंतरता पर ध्यान दे रहे हैं। ओलंपिक में पहले दिन से अंत तक हॉकी के मैच होते हैं, इसलिए हमें अपनी निरंतरता पर ध्यान देना होगा।

संक्षिप्त समाचार

अश्विन अभी संन्यास के बारे में न सोचें : शास्त्री

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को अभी संन्यास के बारे में नहीं सोचना चाहिये। शास्त्री के अनुसार अश्विन अभी दो साल और खेल सकते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उन्होंने अपना 100वां टेस्ट मैच खेलते हुए अपने 500 विकेट भी परे किये हैं। जिससे पता चलता है कि अभी वह पूरी तरह से लय में हैं। इसलिए उन्हें अभी संन्यास का न सोचकर खेलते रहना चाहिये। शास्त्री ने कहा, ''इतनी बड़ी उपलब्धियां हासिल करना आसान नहीं होता। इसके लिए मेरी ओर से आपको ढ़ेर सारी शुभकामनायें। मेरा मानना है कि आपमें अभी काफी क्रिकेट बचा है क्योंकि स्पिनर उम्र बढ़ने के साथ ही परिपक्वता हासिल करते हैं। मुझे आप पर गर्व है। अपने खेल का आनंद लेते रहिये और कम से कम दो और साल तक बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी करते रहें।'' शास्त्री का मानना है कि अश्विन जिस तेजी से विकट ले रहे हैं। ऐसे में वह दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले के रिकॉर्ड को भी तोड़ सकते हैं। कुंबले के नाम 619 विकेट हैं। वहीं अगर अश्विन को दो साल और मिले तो वह इस आंकड़े को पार कर लेंगे। उन्होंने पिछले एक दशक में भारत की सफलता में अश्विन के योगदान की सराहना करते हुए कहा, ''मेरा मानना है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। सबसे बड़ी खूबी ये है कि वह कभी भी संतुष्ट नहीं होते।''

पहले आईपीएल से मिली रकम से मैंने कर्ज लौटाया था : जुरेल

नई दिल्ली। भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार पदार्पण से सभी का ध्यान खींचा है। जुरेल अभी 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल की तैयारियों में लगे हैं। इस युवा क्रिकेटर ने कठिन हालातों से निकलकर राष्ट्रीय टीम तक जगह बनाने में सफलता हासिल की है। जुरेल का क्रिकेट सफर बेहद कठिन रहा है। उनके पिता सेना से रिटायर हो गये थे। इस क्रिकेटर ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की ओर से आईपीएल के पहले सत्र सत्र से मिले पैसों से उन्होंने कर्ज की रकम लौटाने के साथ ही अपनी मां के लिए कुछ गहने भी खरीदे थे। जुरेल ने कहा, जब मेरे पिताजी किसी से उधार मांगते थे तो मुझे उतना अच्छा नहीं लगता था। मेरे पिता ने हमें कभी यह महसूस नहीं होने दिया कि हम गरीब हैं। मेरे पिता चाहते थे कि मैं सेना में जाउं क्योंकि वह सेना में रहे थे। मुझे शुरु से ही क्रिकेट खेलने का काफी शौक था इसलिए मैंने बाद में क्रिकेट में ही करियर बनाने का सोचा था। जुरेल ने साथ ही कहा, मेरे परिवार पर बहुत कर्ज था। जब मुझे आईपीएल का पहला अनुबंध मिला तो मैंने अपने पहले वेतन से उधार वापस किया। इसके अलावा मैंने अपनी मां के लिए कुछ गहने भी खरीदे थे। जुरेल को पहली बार राजस्थान रॉयल्स की तरफ से 20 लाख रुपए में खरीदा गया था। वह तभी से ही राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हैं। इस बार भी वह राजस्थान की ओर से ही खेलते हुए दिखेंगे।

स्लोवेनिया की डालीला बनी चैंपियन

भारत की श्रीवल्ली को दूसरा खिताब जीतने से रोका -

आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर महिला डब्ल्यू-35 टेनिस टूर्नामेंट

इन्दौर ।

स्लोवेनिया की डालीला जुकुपोविक ने भारत की श्रीवल्ली रश्मीका को भारतीय टेनिस महासंघ के तत्वावधान में मध्यप्रदेश टेनिस संघ व इंदौर टेनिस क्लब द्वारा प्रायोजित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर डब्ल्यू-35 डॉलर 25000 इनामी राशि महिला टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे सेटों में पराजित कर चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। डालीला गत माह इन्दौर में ही हुए डब्ल्यू-50 टेनिस टूर्नामेंट में डालीला उपविजेता रही थी। इन्दौर टेनिस क्लब में खेली गई इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस स्पर्धा का फाइनल भारत की गैरवरीयता प्राप्त श्रीवल्ली रश्मीका और स्लोवेनिया की डालीला जुकुपोविक के मध्य हुआ। अपने दमदार खेल की बदौलत कई उलटफेर करते हुए श्रीवल्ली ने फाइनल में स्थान बनाया था और युगल खिताब के बाद एकल में भी जीत की उम्मीद उनसे लगाई जा रही थी, लेकिन 32 वर्षिय डालीला ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए श्रीवल्ली को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से पराजित कर आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर डब्ल्यू-35 का खिताब अपने नाम किया। पहले गेम से ही डालीला ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए थे और श्रीवल्ली पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। उम्दा ग्राउंड स्ट्रोक और पूरे कोर्ट पर श्रीवल्ली को दौड़ाते हुए डालीला ने 33 मिनट में ही पहला सेट अपने नाम कर लिया। पहले सेट में डालीली ने श्रीवल्ली की दो सर्विस ब्रेक कर पाइंट अर्जित किए। दूसरे सेट के चौथे गेम में डालीला ने श्रीवल्ली की सर्विस ब्रेक कर 3-1 की बढ़त बना ली और छठे गेम तक बढ़त 5-1 कर ली थी, लेकिन फिर श्रीवल्ली ने वापसी की कोशिश की और डालीला की सर्विस ब्रेक करते हुए स्कोर 2-5 किया, लेकिन डालीला ने आठवें गेम में उम्दा खेल दिखाते हुए श्रीवल्ली की सर्विस तोड़ते हुए सेट और मैच अपने नाम कर लिया। कुल 1 घंटा 7 मिनट तक चले

इस मुकाबले में डालीला के आगे 22 वर्षिय यह भारतीय युवा खिलाड़ी संघर्ष करती नजर आई। हालांकि उन्होंने फाइनल तक का सफर काफी शानदार अंदाज में तय किया और कई वरीयता प्राप्त और अपने से ऊंची रैंकिंग वाली खिलाडियों को पराजित किया। विजेता खिलाड़ी डालीला जुकुपोविक को 3935 डॉलर (लगभग तीन लाख 30 हजार रु.) की राशि के साथ 35 आईटीएफ अंक भी हासिल हुए। वहीं उपविजेता श्रीवल्ली को 2107 डॉलर (लगभग एक लाख चैहत्तर हजार रु.) की राशि के साथ 23 आईटीएफ अंक हासिल हुए। टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण दीपक सिंह, कमिश्नर इन्दौर संभाग के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता अनुराग, आईजी ग्रामीण ने की। इस अवसर पर भारतीय टेनिस महासंघ के सचिव अनिल धूपर, आईटीसी ट्रस्टी बी.एस. छाबड़ा, हेमंत पटवा, टूर्नामेंट डायरेक्टर अर्जुन धूपर उपस्थित थे। संचालन साजिद लोदी ने किया।

डब्ल्यूपीएल के कारण अमेलिया और सोफी इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 से बाहर हुईं

वेलिंग्टन ।

न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर अमेलिया केर और सोफी डिवाइन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में व्यस्त होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरु हो रही पांच टी-20 सीरीज के शुरुआती मैच में नहीं खेलेंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने अपने एक बयान में कहा, भारत में जारी महिला प्रीमियर लीग के कारण ये इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच तक नहीं लौट पायेंगी।।

एनजेडसी ने कहा कि 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को डब्ल्युपीएल फाइनल के तुरंत बाद अपनी जोड़ीदार सोफी के साथ टीम के लिए उपलब्ध रहेंगी। न्यूजीलैंड ने विकल्प के रूप में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर को टीम में बुलाया है और क्वीन्सटाउन में इंग्लैंड ए के खिलाफ दूसरे मैच के बाद न्यूजीलैंड ए टीम से एक दूसरे खिलाड़ी का भी चयन किया जाएगा। डिवाइन और केर के अनुपलब्ध होने पर सुजी बेट्स शुरुआती टी-20 मैच में न्यूजीलैंड की टीम की कप्तानी करेंगी। वहीं न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, 'सीरीज की शुरुआत के लिए हमारे साथ केर और सोफी का न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि पिछले कुछ समय से ऐसा हो रहा है इसलिए हमने सभी परिद्दश्यों के लिए योजना बनाई है और सकारात्मक बात यह है कि इससे अन्य खिलाड़ियों को इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ अपने को आंकने का अवसर मिलेगा। वहीं इंग्लैंड के भी चार खिलाड़ी अपनी डब्ल्यूपीएल में खेलने के कारण पांच में से पहले तीन टी-20 के लिए अनुपलब्ध हैं।

रोहित के पास इस बार खुलकर बल्लेबाजी का मौका : फिंच

सिडनी ।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने कहा है कि इस बार आईपीएल में मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के पास खुलकर खेलने का अवसर है जिसका उन्हें लाभ उठाना चाहिये। फिंच के अनुसार इस बार रोहित कप्तान नहीं बल्कि एक बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे जिसका लाभ मुम्बई को होगा क्योंकि वह कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं होने से आधिक आजादी से खेल सकेंगे। इससे पहले के सत्र तक वह कप्तान थे जिसके कारण उन्हें सभी बातों का ध्यान रखना पड़ता था। रोहित की कप्तानी में मुम्बई ने पांच बार आईपीएल खिताब जीता है पर इस बार उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती मैदान पर उतरकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत देना है। भारतीय टीम के साथ ही वह मुम्बई के लिए पहले भी ऐसा करते रहे हैं। इसलिए इसमें उन्हें समस्या नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप

जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो पर अब वह अपने तरीके से खुलकर खेल सकते हैं जिसका सीधा लाभ उन्हें और मुंबई इंडियंस को होगा। वहीं फिंच ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम भी बेहतर प्रदर्शन करेगी क्योंकि उसके पास ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। इसका कारण ये है कि स्टार्क जैसे गेंदबाज के होने से किसी भी टीम की गेंदबाजी बेहतर हो जाती है। स्टार्क की गेंदबाजी का सामना करना किसी भी विरोध टीम के लिए आसान नहीं रहता। वह पारी की शुरुआत में ही विकेट निकालकर विरोधी टीम पर दबाव बना सकते हैं।

बेटे के जन्म के बाद स्वदेश लौटे विराट, पहली बार मुंबई हवाईअड्डे पर देखे गये

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली लंदन में बेटे अकाय के जन्म के बाद स्वदेश पहुंच गये हैं। विराट पिछले कुछ सप्ताह से अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ लंदन में ही थे। बच्चे के जन्म के कारण ही वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से भी बाहर थे। उन्हें बेटे अकाय के जन्म के बाद पहली बार मुंबई हवाईअड्डे पर देखा गया। वह 22 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रशिक्षण शिविर में भी शामिल होंगे। विराट दूसरी बार पिता बने हैं। उन्होंने 20 फरवरी को अपने नवजात बेटे की खबर की घोषणा की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, अत्यधिक खुशी और प्यार से भरे दिलों के साथ हम सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 15 फरवरी को, हमने अपने बच्चे अकाय और वामिका के छोटे भाई का इस दुनिया में स्वागत किया! हम इस खूबसूरत समय में आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहते हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस समय कृपया हमारी निजता का सम्मान करें। प्यार और आभार। विराट और अनुष्का। उन्हें शुरुआत में पहले दो टेस्ट के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने शुरुआती मैच से कुछ दिन पहले ही अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद पूरी सीरीज से ही वह बाहर हो गये थे। कोहली ने अंतिम बार भारतीय टीम की ओर से जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेली थी। उनके आरसीबी के वार्षिक अनबॉक्स प्रमोशनल कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है जो 19 मार्च को बेंगलुरु में होने वाला है।

ट्रॉलर्स पर भड़की धनश्री, कहा उनकी आधारहीन टिप्पणी से प्रभावित हो रहा मेरा परिवार

नई दिल्ली ।

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा ने सोशल मीडिया पर इन लोगों को करारा जवाब दिया है। जो उनके और कोरियोग्राफर प्रतीक उटेकर की एक तस्वीर के कारण उनपर टिप्पणी कर रहे थे। इसी को लेकर धनश्री ने एक वीडियो जारी कर कहा कि ऐसे लोगों को समझना चाहिये की किसी की निजी जिंदगी पर उन्हें बिना जाने इस प्रकार की बातें नहीं कहनी चाहिये। साथ ही कहा कि इससे मेरे परिवार पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इससे पहले प्रतीक और धनश्री की तस्वीर वायरल होने पर सोशल मीडिया पर खूब कमेंट आए थे। यह तस्वीर डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के सीजन 11 की थी। इस दौरान वहां चहल भी मौजूद थे। धनश्री ने इसके बाद सोशल मीडिया छोड़ दिया था पर अब वह वापस लौट गयी हैं। उन्होंने कहा कि अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को फिर से शुरू करने से पहले, मुझे लगा कि मुझे कुछ चीजें साझा करने की ज़रूरत है, इसलिए मैं ये बातें कह रही हूं। किसी के बारे में अपने मन से राय नहीं बनानी चाहिये। मैं अपने जीवन में कभी भी ट्रोल या मीम्स से प्रभावित नहीं हुई पर हाल के ट्रोल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता था क्योंकि इस बार मेरे परिवार पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। धनश्री ने कहा कि मंच से दूर रहना शांतिपूर्ण है। आप सभी को सोशल मीडिया पर अपने दिल और चरित्र को व्यक्त करने की आजादी है, इसलिए आप हमारी और हमारे परिवारों की भावनाओं को नजरअंदाज करना भूल जाते हैं। अगर हम सोशल मीडिया को इतना नकारात्मक बना देते हैं, तो हम केवल बड़े पैमाने पर नफरत फैला रहे हैं। अपने पेशे को देखते हुए मैं सोशल मीडिया से ज्यादा समय तक दूर नहीं रह सकतीं, लेकिन उन्होंने कुछ भी अपमानजनक या आहत करने वाला पोस्ट करने से पहले संवेदनशीलता बरतने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मेरे काम का एक प्रमुख हिस्सा है और मैं इसे छोड़ नहीं सकती। यही कारण है कि मैंने आज साहस जुटाया है और अपना रचनात्मक पक्ष आज यहां रखा है। बस आप लोगों से अनुरोध है कि थोड़ा और संवेदनशील बनें और हमारी प्रतिभा और

कौशल पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही ट्रोलर्स को कहा कि मत भूलो कि मैं भी तुम्हारी बहन, मां, दोस्त की पत्नी की तरह ही एक महिला हूं।

राजस्थान रॉयल्स के कैंप पहुंचने पर जुरेल का हुआ भव्य स्वागत

नई दिल्ली । राजस्थान रॉयल्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। जुरेल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन के कारण सबकी नजरों में आये हैं। अब आईपीएल में उनके प्रदर्शन पर सभी की नजरें रहेंगी। वह भी आईपीएल के लिए तैयार हैं। इसके लिए वह राजस्थान रॉयल्स के कैंप भी पहुंच गए हैं। यहां पहुंचने पर उनका शानदार स्वागत हुआ। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसे राजस्थान रॉयल्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से साझा किया है। इस वीडियो में पहले जुरेल महंगी गाड़ी से उतरते हुए नजर आए। होटल में प्रवेश करने ही उन्हें तिलक लगाया गया। इसके बाद रॉयल्स टीम के एक प्रशंसक ने उन्हें सैल्यूट भी किया। इस क्रिकेटर को पहली बार राजस्थान रॉयल्स की ओर से 20 लाख रुपए में खरीदा गया था। तब से ही वह राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे हैं। इस क्रिकेटर ने अपने पदार्पण टेस्ट के साथ ही तीनों मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया था। जुरैल का इस सीरीज में सबसे अधिक स्कोर 90 रन रहा था।

केकेआर के अभ्यास सत्र से जुड़े श्रेयस अय्यर

कोलकाता । बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अपनी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से जुड़ गये हैं। श्रेयस टीम के कप्तान हैं। ऐसे में उनके अभ्यास सत्र से जुड़ने से टीम का मनोबल बढ़ा है। फिटनेस के कारण अब तक उनकी वापसी में देर हो रही थी। पीठ से जुड़ी परेशानियों के कारण अय्यर का टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलना संदिग्ध लग रहा था। वहीं केकेआर ने अय्यर के शहर में पहुंचने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं। वह पीठ की सर्जरी के कारण पिछले साल आईपीएल में नहीं खेल पाये थे। उन्होंने सितंबर में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी पर पीठ दर्द उन्हें परेशान करता रहा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में खेले थे पर इसके बाद उनकी पीठ में दर्द होने लग गया था। उन्हें बाकी बचे तीन टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। अय्यर मुंबई की तरफ से रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए थे पर सेमीफाइनल और फाइनल में उन्होने खेला था। वहीं विदर्भ के खिलाफ फाइनल में वह पीठ दर्द से परेशान रहे। इस कारण वह मैच के अंतिम दो दिन मैदान पर नहीं उतरे। केकेआर अपने अभियान की शुरुआत ता में 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ करेगी।